कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
विनोबापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।
E- mail:- upjnrsultanpur@upjn.co.in

पत्रांक 6338 / W-19 / 55 दिनांक:-15/10/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय:-डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में दिनांक 15.10.2026 को प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटीः धनपतगंज में पुरानी गोमती पुल के पास लीकेज, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड-कुड़वार के अन्तर्गत सरांव व मुदवा पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मुम्बई द्वारा करवाया गया है। योजना के कार्य पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति किया जा रहा था। ग्राम पंचायत सरांव मुदवा में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का कार्य कराते समय जे0सी0बी0 द्वारा पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था जिसका मरम्मत करा दिया गया (फोटोग्राफ संलग्न) है एवं जलापूर्ति भी प्रारम्भ करा दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

संलग्नक:-उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(सुभाष चन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक :-उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या कैम्प-बाराबंकी।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर।
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता/श्री गौरव प्रकाश शर्मा, जूनियर इंजीनियर।
8. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मुम्बई ।

अधिशासी अभियन्ता

विकासखण्ड–कुड़वार के अन्तर्गत सरांव वं मुदवा पाइप पेयजल योजना पर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को मरम्मत कराने का फोटोग्राफ

दैनिक भास्कर
Thu, Oct 15, 2026
Updated 02:57 PM IST
होम वीडियो सर्च

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
नवरात्रि REE...
ते NEW
भास्कर इन्वे...
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरि...
स्पोर्ट्स
बॉली...
बिज...

Hindi News / Local / Uttar Pradesh / Sultanpur / Bahadurpur / Dhanpatganj Water Crisis | Jal Jeevan Mission Pipeline Leak Audaha

जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फटी: धनपतगंज में पुरानी गोमती पुल के पास लीकेज, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह | बहादुर पुर(बल्दीराय), सुलतानपुर
2 घंटे पहले

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें

विदेश
देश
टेक - ऑटो
जॉब - एजु...
जीवन मंत्र
राशि...
ओ...
मध्य प्रदेश
उत्तर...
राज...
बिहार
यूपी खास

धनपतगंज ग्राम सभा सडांव से औदहा जाने वाली जल जीवन मिशन की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज हो गया है। पुरानी गोमती पुल के पास मुख्य सड़क पर पाइपलाइन फटने से लगातार पानी बह रहा है। यह पानी सड़क से होता हुआ नदी में जा रहा है, जिससे पानी बर्बाद हो रहा है।

इस लीकेज के कारण औदहा गांव के ग्रामीणों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। औदहा निवासी विजयनारायण मिश्रा, कौशल किशोर मिश्रा, अनिल पांडे, अशोक पांडे, दद्दन पांडे और श्री देव पांडे समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी समस्या आए दिन होती रहती है, लेकिन इसका कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा है।

जल जीवन मिशन के ऑपरेटर महेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि इस लीकेज की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही टेक्नीशियन द्वारा इसका समाधान कर दिया जाएगा।

फीडबैक

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- करीबी रिश्तेदारों के आने से घर में उत्साह रहेगा। काम का दबाव ज्यादा रहेगा, लेकिन उसके अच्छे नतीजे भी मिलेंगे। दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय अपनी क्षमता पर भरोसा

और पढ़ें

Download App from

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Follow us on

दैनिक भास्कर को **Google** पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔

+Follow us

खबरें और भी हैं...

पंचायत में साली का समझौता हुआ, जीजा ने जान दी: सुल्तानपुर में सिर में गोली मारी; पति के साथ रहने से मना कर रहा था

सुलतानपुर ›

शेयर

Advertise with Us |
DB Reporter | Sitemap |
Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy
|
Contact Us | RSS |
Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें